हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 25 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री


4 जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से हो पालन, सूचना तंत्र को करें मजबूत





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183


## खबर संक्षेप

### नवीन कानूनों के संबंध में कार्यशाला आज

**जांजगीर-चांपा।** नवीन कानूनों के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत ऑडिटोरियम जांजगीर में मंगलवार 25 जून को शाम 4 बजे से शाम6 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कार्यक्रम की अध्यक्षता जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता यशवंत चंद्रा, जांजगीर नैला पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, चांपा पालिकाध्यक्ष जय थवाईत एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह होंगे। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस प्रशासन किया जा रहा है।

### जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के नियम - 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए 26 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** तहसील पामगढ़ के नगर पंचायत खरौद, ग्राम बिलारी एवं ग्राम रसौटा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन करने हेतु संबंधित ग्राम के इच्छुक एजेंसी ग्राम पंचायत, वन समिति, महिला स्व सहायता समूह, अन्य पात्र संस्थाओं से आवश्यक दस्तावेज व प्रस्ताव सहित 26 जून तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ आवेदन में आमंत्रित किया गया है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा आधे-अधूरे आवेदन पत्र को अमान्य किया जाएगा।

### एसबीआई के मुख्य मार्ग के सामने जाम हुआ आम

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के विवेकानंद मार्ग में एसबीआई बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग का नजारा आम है। इसके बाद भी पुलिस और नगर पालिका के द्वारा कभी भी बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि यातायात उल्लंघन के नाम पर पुलिस रोज वाहन चालकों से जुर्माना वसूल कर रही है। अवैध पार्किंग से मुक्त कराने में यातायात पुलिस और नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। सोमवार को बैंक खुलने के बाद बड़ी संख्या में वाहनों का जमावड़ा हो गया था। बैंक प्रबंधन द्वारा बार बार चेतावनी देने के बावजूद वाहन मालिक द्वारा बाइक को सामने खड़ी कर देते है।

### साफ सफाई की अनदेखी व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर निकाली भड़ास

# पालिका के खिलाफ विधायक ने खोला मोर्चा, द्वार पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में साफ सफाई व्यवस्था की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने मोर्चा खोल दिया। वे समर्थकों के साथ नगर पालिका पहुंचे और अधिकारी की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखकर पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचा। तत्पश्चात विधायक के साथ बैठक की और तत्काल नालियों की सफाई कराने और अन्य मांगों पर परीक्षण के उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया।

सोमवार 24 जून को जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप अपने समर्थकों के साथ नगर पालिका पहुंचे। इस दौरान उनका कहना था कि जिम्मेदार अधिकारी जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहे है। बारिश पूर्व शहर की नालियों की साफ सफाई नहीं की गई है। नैला के कई वार्डो में जलभराव की स्थिति है। इस संबंध में अधिकारी से संपर्क किया जाता है तो वे फोन भी रिसीव नहीं करते। विधायक का कहना था कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद यहां कांग्रेस के अध्यक्ष और पार्षदों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। हद तो तब हो जाती है कि अधिकारी विधायक का भी फोन रिसीव नहीं करते। इसको लेकर विधायक के साथ पार्षद और उनके समर्थक पालिका के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने अधिकारीराज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इधर विधायक और उनके समर्थकों के नगर पालिका के द्वार पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने की सूचना पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया। जांजगीर तहसीलदार प्रशांत पटेल, टीआई प्रवीण द्विवेदी, नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पाण्डेय तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने विधायक ब्यास कश्यप से चर्चा की। तत्पश्चात साफ सफाई तत्काल शुरू कराने की बात कही। वहीं अन्य मुद्दों पर शीघ्र चर्चा करके उचित पहल करने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।



नगर पालिका के द्वार के सामने धरना प्रदर्शन करते विधायक ब्यास कश्यप व उनके समर्थक।

#### पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंचे पूर्व पार्षद

विधायक ब्यास कश्यप के समर्थकों के साथ पालिका में धरना प्रदर्शन करने के दौरान शहर के एक पूर्व पार्षद पेट्रोल लेकर पहुंच गए थे। उन्होंने पालिका की अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए आत्मदाह करने की चेतावनी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे अफसरों की टीम ने पेट्रोल को अपने कब्जे में लिया और उसके साथ विधायक व उनके समर्थकों को समझाईश देकर उनकी मांगों पर चर्चा की गई।

#### नियमों के तहत कार्रवाई

साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर विधायक एवं उनके समर्थक धरने पर बैठे रहे। प्राथमिकता क्रम में सफाई काम कराया जा रहा है। उनकी कुछ मांगे और भी है, जिन पर नियमों के तहत कार्रवाई होगी।

-प्रहलाद पाण्डेय,
सीएमओ
जांजगीर नैला

# जूता दुकान में लगी आग सामान जलकर हुआ खाक

### टेंपल सिटी शिवरीनारायण के नटराज चौक की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

टेंपल सिटी शिवरीनारायण के नटराज चौक में संचालित जूता दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। घटना में दुकान संचालक को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 24 जून की सुबह 9.30 बजे लगभग गोल्डन शू हाऊस में शार्ट सर्किट के वजह से अचानक आग लग गई। आग लगने से दुकान के अंदर काम कर कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई वही दुकान के अंदर अधिक धुआं भर गया। घटना के बाद आस पास की दुकानों में हड़कम मच गई। शिवरीनारायण थाना पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर टीम पहुंची। वही दमकल की टीम भी पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

इस आगजनी की घटना में दुकानदार की घोर लापरवाही सामने आई है। कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना जांजगीर का 2 जनवरी 2024 का एक नोटिस के मुताबिक बीते 2 नवंबर 2023 को जिला अग्निशमन अधिकारी की टीम ने गोल्डन शू हाउस का निरीक्षण किया था। जिसमें गोल्डन शू हाउस में अग्निशमन यंत्र नहीं होने और दुकानदार को अग्निशमन यंत्र लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन दुकानदार ने लापरवाही बरतते हुए अग्निशमन यंत्र लगाने रुचि नहीं ली। तब जिला अग्निशमन अधिकारी ने 2 जनवरी को पुनः नोटिस जारी कर दुकानदार को अग्निशमन सुरक्षा यंत्र लगाने को कहा था। इसके बावजूद दुकानदार ने अग्निशमन सुरक्षा यंत्र लगाने रुचि नहीं ली। मसलन सोमवार की तड़के दुकान में भीषण आग लग गई। जिससे दुकान संचालक को 5 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। बहरहाल अग्निशमन सुरक्षा यंत्र न लगाना और जिला अग्निशमन अधिकारी के बार-बार समझाईश के बावजूद लापरवाही का खामियाजा दुकानदार को भुगतना पड़ा है। हालांकि संचालक ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।





दुकान में लगी आग।

# बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



बैटरी के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना अंतर्गत ग्राम अमरूवा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीतिश कुमार कर्ष निवासी अमरूवा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 10 अगस्त 2023 की रात्रि में उसके ट्रेक्टर की बैटरी को गांव का लकेश्वर बरेठ एवम उसके साथी द्वारा चोरी कर भाग गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में थाना सारागाव पुलिस को मुखबीर सूचना मिला कि आरोपी अपने परिवार से मिलने घर ग्राम अमरूवा आया है और भागने के फिराक में है। इस दौरान एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में घेराबंदी कर पकड़ा। संबंध में पुछताछ करने पर अपने दो साथी भूपेन्द्र बरेठ, सुभम कर्ष के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किये जाने पर अमरूवा निवासी लकेश्वर बरेठ एवं देवरी निवासी भूपेन्द्र कर्ष, शुभम कर्ष के पेश करने पर एक नग बैटरी, 2 नग रिंग पाना बरामद किया गया आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### बार - बार बिजली बंद होने से नगरवासी हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** अघोषित बिजली कटौती से नगर के लोग इन दोनों खास से परेशान हैं। ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा जिस दिन बिजली बंद ना हो। बिजली बंद होने का कोई समय तय नहीं है। सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जा रही है। इधर लोगों का उमस भरी गर्मी से बुरा हाल है। गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो गए हैं। बिना जानकारी के बिजली कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी की समस्या भी हो रही है। भीषण गर्मी में कूलर पंखे बंद होने से लोगों की बेचैनी बढ़ जाती है।

# 9 फीट के मगरमच्छ को पकड़कर ग्रामीणों ने पार्क के किया हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

कोटमीसोनार के वार्ड क्रमांक 19 स्टेशन मोहल्ला में रविवार रात को कर्रानाला बांध से एक 9 फीट का विशालकाय मगरमच्छ बस्ती में घुस गया था जिसे ग्रामीणों के सूचना पर रात्रि में पहुंचकर चौकीदार परमेश्वर दास, मनीष गेंदले, फिरत पटेल के द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित पकड़ कर क्रोकोडायल पार्क में छोड़ा गया।

**खास बात**

- रेस्क्यू वाहन नहीं होने से होती है परेशानी

रविवार की रात 11 बजे स्टेशन मोहल्ला के युवक प्रहलाद श्रीवास ने सबसे पहले विशालकाय मगरमच्छ को देखा प्रहलाद श्रीवास के द्वारा इसकी सूचना ग्राम के मगरमच्छ विशेषज्ञ सीताराम महाराज एवं ग्राम वासियों को दी गई। क्रोकोडाइल पार्क के कर्मचारियों एवं ग्राम वासियों की मदद से बड़ी मशक्कत से मगरमच्छ को रात 1 बजे पकड़ कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट किया गया। क्रोकोडायल पार्क कोटमी सोनार से बरसात आते ही मगरमच्छो के बच्चे जाली से बाहर निकलने लगे है। ग्राम वासियों ने बताया कि मगरमच्छों ने तलाब किनारे अंडे दिए हैं जो बरसात आते ही बिजली की कड़क से अंडा फूट जाता है। क्रोकोडायल पार्क के चारो किनारे में मगरमच्छ के बच्चे मिलते ही रहता है जिसे पार्क में छोड़ा जाता है। जिससे कोटमी सोनार के ग्रामीणों को तालाबो में निस्तार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वन विभाग को सूचना देने के बावजूद मगरमच्छ को संरक्षित करने कोई प्रयास नही किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा क्रोकोडायल पार्क में पांच लेयर में जाली लगाया गया है उसके बाद भी मगरमच्छ का बच्चा बाहर निकल रहा है। वन विभाग द्वारा क्रोकोडायल पार्क के लिए चार पहिया वाहन की खरीदी की गई है। क्षेत्र में मगरमच्छ मिलने पर चार पहिया वाहन की जरूरत पड़ती है लेकिन अधिकारियों द्वारा क्रोकोडायल पार्क के लिये ख़रीदी किये गए वाहन को अन्य वन क्षेत्र में रखा गया है।



मगरमच्छ को पकड़ा ग्रामीणों ने।

# अश्लील फोटो अपलोड करना पड़ा महंगा, हुआ गिरफ्तार

**नवागढ़।** फेसबुक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुब्रतो कुंडू पिता अशोक कुंडू उम्र 25 साल निवासी नवागढ़ द्वारा फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील विडियो अपललोड कर प्रसारित करना पायें जाने से घटना के समय प्रयोग में लाया गया सीम को बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध विरूद्ध धारा सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 की धारा 67 (बी) के तहत कार्यवाही कर 24 जून को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सोशल मीडिया साईट्स में किया गया पोस्ट मैसेज आपका व्यक्तिगत नहीं होता है, आप जो पोस्ट या मैसेज साझा करते है, वो एक से अनेक लोगो को प्रसारित होता जाता है। सायबर सेल पुलिस जांजगीर द्वारा वर्तमान में शोसल मीडिया पर अश्लील फोटो विडियों पोस्ट किये गये लोगो पर साईबर टिपलाईन रिपोर्ट के आधार पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# बस से तीन लोगों को पहुंचाया चोट आरोपी को एक-एक साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीन लोगों को गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को एक एक वर्ष की सजा सुनाई गई है। उक्त फैसला न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सीमा कंवर ने सुनाया है।

- न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सीमा कंवर ने सुनाया फैसला

अभियोजना पक्ष से मिली जनकारी के अनुसार घटना 4 जुलाई 2019 सुबह लगभग 8 बजे लिंक रोड वार्ड नंबर 7 जाजगीर की है। घटना समय मामले प्रार्थी पवन अग्रवाल अपने आस्था प्राविजन स्टोर्स में बैठा था, उसी समय मिनी बस रंग पीला क्रमांक सीजी 11 एएल 1205 का चालक आरोपी योगेश चंद्र यादव बी.टी.आई चौक तरफ से लिंक रोड में तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पहले एक टाटा मैजिक क्र CG-11-E-2296 सफेद रंग को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे टाटा मैजिक प्रार्थी के दुकान के शटर को क्षतिग्रस्त कर दी। उसके बाद मिनी बस चालक वाहन को अनियंत्रित चलाते हुए पैदल जा रही एक शिक्षिका तरुणलता सोनी को बाइक क्रमांक 66-11-AM-6375 एवं एक सोल्ड हीरो लाल को भी टक्कर मारा। जिससे शिक्षिका सहित दोनो मोटर सायकल चालकों को भी चोट आई है जिन्हें ईलाज के लिए डायल 112 बुलाकर जिला अस्पताल जाजगीर भेजवाये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी बस चालक के विरुद्ध धारा 279,337 भादवि में अपराध दर्ज किया गया आहतो को गंभीर चोट आने पर धारा 338 भादवि भी जोड़ी गई विवेचना पूर्ण कर चालान माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में गवाहों के परीक्षण प्रतिपरीक्षण बाद न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय जांजगीर श्रीमती सीमा कंवर ने आरोपी बस चालक को लापरवाही उपेक्षा पूर्वक वाहन चलाते हुए तीन लोगो को चोट एवम गंभीर चोट पहुंचाने का दोषी पाते हुए आरोपी योगेश चंद्र यादव को धारा 279 भादवि में 03 माह,धारा 337भादवि में 3 माह व धारा 338 भादवि में 1-1वर्ष (3 बार) कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया, अर्थदंड की राशि अदा न करने पर पृथक से कारावास का आदेश दिया।शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एस. अग्रवाल व श्रीमती मनीषा प्रसाद द्वारा पैरवी की गई।

### किसानों को पोषक तत्वों के बारे में नहीं मिल पाती जानकारी

# 5 हजार मिट्टी सैम्पल को अभी जांच पड़ताल का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के मृदा परीक्षण विभाग को इस वित्तिय वर्ष 6 हजार मिटटी सैम्पलो के परीक्षण का लक्ष्य मिला हुआ है। अब तक 5 हजार मिटटी सैम्पलो का कलेक्शन भी किया जा चुका है। मगर अब तक मिटटी परीक्षण कार्य शुरू तक नही किया जा सका है। जिसके कारण किसानो को खेतो मे कौन से पोषक तत्वो की कमी है। इस बात की जानकारी नही मिल पाती है। वही अब खेती किसानी का दौर भी शुरू हो चुका है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी के मार्ग दर्शन में हर साल मिटटी के सैम्पल लेकर उसकी जांच पडताल की जाति है, ताकि मिटटी में कौन से पोषक तत्वो की कमी है। इसकी जानकारी मिल सके। वर्ष 2024 के अप्रैल महीने से लक्ष्य पर काम शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत इस साल करीब 6 हजार मिटटी के सैम्पलो को इकठठा करके उसे जांचने एवं परखने का लक्ष्य रखा गया है। वही टारगेट के अनुसार 6 हजार मिटटी के सैम्पलो के लक्ष्य के अनुसार 5 हजार मिटटी का कलेक्शन किया जा चुका है। वही अब तक मिटटी परीक्षण का कार्य शुरू तक नही कराया जा सका है। बताया जाता है कि मिटटी की जांच के लिए जो लैब में जो जरूरी केमिकल होना चाहिए उसकी व्यवस्था नही बन पाई है। ऐसे मे मिटटी परीक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। मिटटी परीक्षण कार्य हर दो साल के भीतर होना चाहिए । ताकि खेतो में कौन से पोषक तत्वो की कमी के चलते धान सहीत अन्य फसलो की पैदावार पहले की अपेक्षा कम हो रही है। वही मिटटी का परीक्षण नही कराने की स्थिती में इसका असर फसलो की पैदावार पर स्पष्ट रूप से पडता है। इधर जांजगीर चाम्पा जिले में 15 जून के बाद से ही यहां के किसान खेती बाडी के काम में ब्यस्त हो जाते है। विभाग से जुड जानकारो का मानना है कि जांजगीर चाम्पा जिले के खेतो में प्रमुख रूप से नाइट्रोजन, फास्फोरस,पोटेशियम, एवं जिंक की कमी पाई जाति है। खेतो में पोटेशियम की कमी दुर करने पोटाश एवं जिंक की कमी दुर करने जिंक सल्फेट का छिडकाव किसानो को अपने खेतो में करना चाहिए। जांजगीर जिले के बम्हनीडीह, पामगढ, बलौदा, नवागढ एवं अकलतरा क्षेत्र के किसान बडी संख्या में धान सहित अन्य फसलो की पैदावार भी करते है।





#### जल्द शुरू करेगें परीक्षण

इस साल 6 हजार मिटटी के सैम्पलो की जांच पडताल करने का लक्ष्य रखा गया है। 5 हजार मिटटी सैम्पलो का कलेक्शन किया जा चुका है। जल्द ही मिटटी की जांच पडताल शुरू की जाएगी।

-मनीष कुमार मरकाम,
सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी
जांजगीर चाम्पा

## खबर संक्षेप

### कामगारों को दुर्घटना बीमा का लाभ देने की उठाई मांग

**कोरबा।** कोल इंडिया और अनुषांगिक कंपनियों के नियमित और ठेका कामगारों को दुर्घटना बीमा का लाभ देने की मांग की गई है। इस संदर्भ में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के कोल प्रभारी एवं सीआईएल अपेक्स जेसीसी सदस्य के. लक्ष्मा रेड्डी ने चेयरमैन को पत्र लिखा है। श्री रेड्डी ने पत्र में कहा है कि हाल ही में सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लाभार्थ जीवन बीमा योजना के अंतर्गत कुछ बैंकरों के साथ समझौता किया है, जिसके तहत प्रत्येक स्थायी कर्मचारी का एक करोड़ और प्रत्येक ठेका कर्मचारी का 40 लाख का दुर्घटना बीमा शून्य प्रीमियम के साथ किया जा रहा है। बीएमएस नेता ने कहा कि सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की उनके कर्मचारियों के हितार्थ की गई यह एक सराहनीय पहल है तथा इस प्रकार की व्यवस्था का अनुकरण कोल इंडिया और उसकी अनुषांगिक कंपनियों में भी बैंकरों से संपर्क स्थापित कर नियमित और ठेका कर्मचारियों के हितार्थ किया जा सकता है।



### किसानों को कटघोरा विधायक ने खाद एवं बीज का किया वितरण



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम रंजना मे 45 किसानों को ग्राम मोहनपुर में 40 किसानों को, ग्राम सुक्लाखार में 35 किसानों को, ग्राम कसाईपाली में 60 किसानों को, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत निःशुल्क में प्रमाणित बीज इंदिरा एरोबिक धान, अरहर बीज एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत कोदो बीज का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप दिलीप कुमार पटेल, नरेंद्र चौहान जवाली हाई स्कूल प्रतिनिधि, कृषि विभाग के एसएडीओ एमपी सिंह तंवर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टम्पाल सिंह पैकरा, श्रीमती अमृता वर्मा, कुमारी मीनाक्षी ठाकुर, हेमंत कुमार भारद्वाज, नितेश कुमार भाजपा कार्यकर्ता इंदल सिंह कंवर, भरत पटेल, ग्राम रंजना के उप सरपंच योगेश्वर जायसवाल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मोहर मरकाम एवं ग्राम मोहनपुर के उप सरपंच राजकुमार एवं ग्राम कसईपाली के जनपद सदस्य रूप सिंह बिंझवार एवं कसईपाली सरपंच श्रीमती गीता बिंझवार चकबुड़ा सरपंच पवन सिंह कमरो एवं भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं कृषक मित्र किसान उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल ने डॉ.मुखर्जी को किया याद



**हरदीबाजार।** भाजपा मंडल हरदीबाजार ने रविवार को जन संघ संस्थापक और भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्रोत प्रखर वक्ता राष्ट्रवादी नेता डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर उनका पुण्यतिथि मनाई। जिसे भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में पूरे देश में मनाती है, इसी तारतम्य में भाजपा मंडल हरदीबाजार का प्रमुख कार्यक्रम कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के गरिमा मयी उपस्थिति में विधायक निवास पर मनाया गया, जिसमें एक संगोष्ठी का कार्यक्रम भी रखा गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छोटेलाल पटेल, मंडल के महामंत्री डॉ.विजय राठौर,महामंत्री डॉ.दुर्गेश कश्यप, दिलीप पटेल, अशोक कश्यप, श्रवण यादव, दिनेश बाजपेई आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 12वीं की 23 और 10वीं की 24 जुलाई से दूसरी मुख्य परीक्षाएं

**कोरबा।** बोर्ड की मुख्य परीक्षा दो बार ली जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। किसी सब्जेक्ट में फेल या श्रेणी सुधार करने वाले छात्र आवेदन देकर सेकेंड चांस के लिए अप्लाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरक परीक्षा की जगह हर साल दो बार मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस बार सेकेंड चांस के लिए 10वीं की परीक्षा 24 जुलाई से और 12वीं की परीक्षा 23 जुलाई से शुरू होगी। सीजी बोर्ड की परीक्षा दे चुके छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। फेल हुए छात्र, सप्लीमेंट्री के छात्र और पास हुए छात्र भी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। माशिमं की ओर से कहा गया है कि वैसै परीक्षार्थी जो पूरक हैं, फेल हैं या फिर अपना रिजल्ट बेहतर करना चाहते हैं, वो परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। माशिमं की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक दूसरी मुख्य परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ छात्र 21 जून से 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। साथ ही लेट फीस के साथ 1 और 2 जुलाई तक भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं। जो रेगुलर स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे अपने स्कूल से संपर्क कर आवेदन जमा कर सकेंगे।

# पौधरोपण करने मनरेगा में भागीदारी नहीं दे रहे शासकीय विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बारिश के मौसम में पौधरोपण करने का लक्ष्य सभी विभागों को शासन से दिया जाता है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में पौधरोपण कार्य को शामिल करते हुए सभी विभागों को मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके तहत जिले के मनरेगा प्रकोष्ठ के द्वारा सभी विभागों को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया गया। जिसमें अब तक केवल रेशम विभाग की ओर से पौधा लगाने हेतु मनरेगा को अपना लक्ष्य मिला है। शेष विभागों ने अब तक किसी तरह का लक्ष्य मनरेगा प्रकोष्ठ को नहीं भेजा है।

मनरेगा के द्वारा जल संरक्षण से लेकर पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। शासन द्वारा सभी विभागों को पौधरोपण करने के लिए एक लक्ष्य दिया जाता था। अब सभी विभागों को मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसमें सभी विभागों को पौधरोपण के लक्ष्य और पौधों की संख्या मनरेगा प्रकोष्ठ को भेजा जाना है, ताकि जॉबकार्डधारी मजदूरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में तालाब, नदी के किनारे पौधरोपण किया जा सके। जिले के मनरेगा प्रकोष्ठ ने शासन के इस निर्देश का पालन करते हुए सभी विभागों को पत्र प्रेषित कर उनके द्वारा किए जाने वाले पौधरोपण की जानकारी मांगी है। जिस पर केवल रेशम विभाग द्वारा ही मनरेगा के माध्यम से पौधरोपण करने में भागीदारी देने की सहमति देते हुए विभाग के द्वारा कितने पौधे रोपित किए जाएंगे, इसकी संख्या भी भेजी है, किंतु शेष अन्य विभाग कृषि, उद्यानिकी ये ऐसे विभाग हैं जिनके माध्यम से हमेशा पौधरोपण, जल संरक्षण के कार्य किए जाते रहे हैं। इन विभागों ने भी अभी तक पौधरोपण करने के संबंध में कोई जानकारी मनरेगा प्रकोष्ठ को प्रेषित नहीं की है। जिसके वजह से यह तय नहीं हो पा रहा है कि मनरेगा के द्वारा कितने पौधों का रोपण जिले के ग्रामीण अंचलों में किया जाएगा।

## मनरेगा प्रकोष्ठ ने सभी शासकीय विभागों को भेजा है पत्र

**खास बातें**

- रेशम विभाग के अलावा अब तक किसी भी विभाग ने नहीं भेजी जानकारी



**ली जा रही जानकारी**

मनरेगा से ग्रामीण अंचलों में पौधरोपण का कार्य किया जाता है। इस वर्ष भी पौधरोपण का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए सभी विभागों को पत्र प्रेषित किया गया है। रेशम विभाग से ही अभी तक पौधरोपण किए जाने की जानकारी दी गई है।

-संदीप डिक्सेना, एपीओ, मनरेगा प्रकोष्ठ

## तालाब और पहाड़ी नालों को किया गया चिन्हांकित

मनरेगा के तहत पौधरोपण करने के लिए ग्रामीण अंचलों के सार्वजनिक स्थान ग्राम पंचायत भवन स्कूल, आंगनबाड़ी भवन के साथ तालाब और पहाड़ी नालों को चिन्हांकित किया गया है। इनके अलावा गावं में चारागाह के लिए आरक्षित की गई जमीनों में भी पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। इन स्थानों का चयन भी ग्राम पंचायतों के द्वारा किया जाएगा। बीते वर्ष भी मनरेगा के माध्यम से पौधरोपण का कार्य किया गया था, किंतु ग्राम पंचायतों के द्वारा रखरखाव नहीं किए जाने से पौधे जीवित नहीं बच सके।

## दर्री थाना क्षेत्र के जोन ऑफिस के समीप शनिवार को हुआ था हादसा

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक मासूम गंभीर



दुर्घटनाकारित कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर दर्री के नगर निगम जोन कार्यालय के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक बालक सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई है।

**खास बात**

- शनिवार की दोपहर दर्री थाना क्षेत्र में हुई थी घटना

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर निवासी अजय लाल यादव 40 वर्ष व उसका दोस्त नरेंद्र बंजारे व नरेंद्र का 7 वर्षीय पुत्र प्रशांत शनिवार को किसी काम से मोटर सायकल में सवार होकर कोरबा आए हुए थे जहां से काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहे थे कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन कार्यालय के समीप कार क्रमांक सीजी 12 बीबी 6805 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया था जहां गंभीरावस्था में तीनों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान अजय यादव व नरेंद्र बंजारे की मौत हो गई है। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है जबकि नरेंद्र बंजारे के पुत्र प्रशांत का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है। दो लोगों की मौत के बाद इस मामले में कार चालक के खिलाफ अन्य धाराएं जोड़ी जाएंगी।

## हादसों को लेकर पुलिस चला रही है अभियान

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। इसी कड़ी में थाना पसान, चौकी मोरगा एवं जटगा के द्वारा ग्राम तेलियामार, उच्चलेंगा एवं रावा में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों की बैठक ली गई। बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं मालवाहक गाड़ियों में सवारी नहीं बैठाने के संबंध में भी बताया गया। वहां उपस्थित लोगो को डायल 112 एवं हाईवे में आपातकालीन डायल 1033 के बारे में जानकारी दिया गया।



## सड़क पर ओवरस्पीड के खिलाफ पुलिस ने छेड़ा अभियान

जिले में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन चिंतित है और हादसों को रोकने के लिए ओवरस्पीड के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस के द्वारा ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया जहां कुल 40 ओवरस्पीड गाड़ियों पर चलानी कार्यवाही की गई और कुल 56 हजार रुपए समन शुल्क जमा कराया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में ओवर स्पीड वाहन पर कुल कार्यवाही 124 थी और इस वर्ष 5 1/2 माह में ही 179 कार्यवाही कर ली गई है जो क्रीबन 144 प्रतिशत की वृद्धि है। एवं 1 लाख 68 हजार समन शुल्क वसूला गया। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया।



# ईपीएफ जमा न करने पर दंडात्मक आरोपों को कम करना गलतः दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने पांच अधिसूचनाएं प्रकाशित की गई है। जिसमें जीएसआर 325(ई), जीएसआर 326(ई), जीएस आर(327), जीएसआर 329 (ई) और जीएसआर 330 (ई) फंड योजना, पेंशन योजना, ईडीएलआई योजना शामिल हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि ये संशोधन इन योजनाओं में योगदान में चूकं करने या देरी करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ लगाए गए दंडात्मक आरोपों को कम करते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व नियमों अनुसार श्रमिकों के वेतन से काटी गई भविष्य निधि केंद्रीय न्यास बोर्ड में नियत समय में जमा न करने पर नियोक्ताओं के प्रति दंडात्मक आरोपों का प्रावधान था जिसे केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा बगैर चर्चा एवं बगैर श्रमिकों को अवगत कराए। नियमों में परिवर्तन कर इन्हें नियोक्ताओं के पक्ष मे कर श्रमिकों की भविष्य निधि के साथ खिलवाड़ ही नहीं उस पैसे को नियोक्ताओं की इच्छा शक्ति पर छोड़ना श्रमिकों की निधि के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है, जिसे एटक के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर द्वारा उपरोक्त आधारों पर इस व्यवसाय करने में आसानी की, नीति की निंदा करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केंद्रीय न्यासी बोर्ड को इन संशोधनों और नियोक्ताओं द्वारा उनके डिफॉल्ट के लिए दंड को कम करके अनुपालन सुधार के तर्क के बारे में श्रमिक संगठनों से चर्चा किए बगैर लागू किया जो सही नहीं है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियनों कांग्रेस एटक मांग करता है कि यह त्रिपक्षवाद का जो उल्लंघन हुआ है जिससे श्रमिक जगत में श्रम और रोजगार मंत्रालय के प्रति रोष व्याप्त है।



दीपेश मिश्रा

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सीएचओ ने खोला मोर्चा



धरना प्रदर्शन करते सीएचओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सामुदायिक चिकित्सा कर्मचारियों (सीएचओ) ने अपनी तीन मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल में जिले के 170 से ज्यादा कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से चिकित्सा सेवाओं पर असर पड़ा है।

प्रदेश सरकार ने वैलनेस सेंटर में इन सभी कर्मियों को पिछले साल सेवा करने का मौका दिया था। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रहे ऐसे वैलनेस सेंटर में कर्मचारियों की संख्या 170 के आसपास हैं। सभी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की एक पदाधिकारी ने बताया कि उनके एक सहयोगी पवन वर्मा को गलत जानकारी के आधार पर सेवा से मुक्त कर दिया गया है। हमने सरकार से मांग की है कि उनकी बहाली जल्द कराई जाए। वहीं आठ माह से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। इसके अलावा सभी कर्मचारियों ने अपने मूल निवास पर पोस्टिंग मांगी था, क्योंकि उन्हें पारिवारिक दिक्कतें आ रहे हैं। इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# छात्र चुनौतियों के लिए खुद को करें तैयार : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के मेधावी विद्यार्थियों हेतु जेईई, नीट की निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

**खास बात**

- निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्योग मंत्री ने किया शुभारंभ



बैठक के दौरान श्रम मंत्री एवं कलेक्टर।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। खनिज प्रभावित जिलो में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसे प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु व्यवस्था की गई है। यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाएं, आप सभी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, कार्ययोजना बनाकर परीक्षा की तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज से आपकी जिंदगी एक नया मोड़ ले रही है।

आपके बेहतर कल की शुरुआत आज से हो रही है। अपने भविष्य को ऊँचे आयाम तक पहुचाने की जिम्मेदारी आपकी है। इस हेतु आप सभी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें। खुद पर पूर्ण विश्वास रखें, आने वाली चुनौतियो के लिए खुद को तैयार रखे, खूब मेहनत करें एवं अपने लक्ष्य को हासिल कर अपने परिवार , जिला एवं देश-प्रदेश का नाम पूरे दुनिया मे रौशन करें।

### गीतकुंआरी के जंगल में हाथियों ने डाला डेरा

**कोरबा।** जिले के जंगलों में हाथियों के विचरण से ग्रामीण दहशत में है। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथी समस्या यथावत बनी हुई है। यहां 7 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जो विगत 5 दिनों से गीतकुंआरी के जंगल में डेरा डाले हुए है। हाथियों के क्षेत्र में मौजूद रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि हाथियों ने अब तक यहां बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है।



# पाली अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह

**कोरबा।** जिलान्तर्गत मंगल भवन पाली में अधिवक्ता संघ पाली का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कानून और आम जनता के बीच की कड़ी अधिवक्ता हैं। निर्दोष को न्याय दिलाने में इनकी सबसे बड़ी भूमिका भी होती है, इसलिए वे अधिवक्ता संघ की हर संभव मदद हमेशा करेंगे। अधिवक्ता संघ के साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस मौके पर विधायक श्री मरकाम ने अधिवक्ता संघ के भवन के लिए 5 लाख और पुस्तकालय और शौचालय के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल भी शामिल हुए।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी पामगढ़**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक /Q/तह./वा./2024
पामगढ़ दिनांक 21/06/24
रा.प्र.क्रं. ................../ब-121/2024
ग्राम हेड़सपुर प.ह.नं............

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक विनोद कुमार सिंह क्षत्री पिता स्व. श्री बहोरन सिंह क्षत्री जाति क्षत्री निवासी ग्राम हेड़सपुर थाना पामगढ़ . तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके माता गीता बाई पति स्व. श्री बहोरन सिंह क्षत्री का मृत्यु दिनांक 19/12/2023 को ग्राम हेड़सपुर में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम हेड़सपुर में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 6/7/24 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**

TOP IN JANJGIR
N-S-D-C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509



# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

## लाइफ Style

# पायल



## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

## हॉलीवुड मसाला



# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...

**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्ढा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं.।यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

### लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।


### सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

### बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।


## पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा हुआ प्यार

# बॉलीवुड के इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा प्यार हुआ और अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।*



**ऋतिक रोशन :** ऋतिक और सुजैन खान ने 2013 में शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया था। उनकी लव मैरिज साल 2000 में हुई थी, जिसके बाद दोनों के 2 बेटे हुए। तलाक के बाद अब ऋतिक और सुजैन दोनों को ही प्यार मिल गया है। ऋतिक इन दिनों अभिनेत्री सबा आजाद को डेट कर रहे हैं, जो उनसे 12 साल छोटी हैं। ऋतिक और सबा अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते दिखते हैं।



**अर्जुन रामपाल :** अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। अर्जुन और मेहर की 2 बेटियां हैं। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से लिव इन में रह रहे हैं और उनके 2 बेटे हैं।




**सैफ अली खान और अरबाज खान :** सैफ अली खान ने 1991 में अभिनेत्री अमृता सिंह से शादी की थी। 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया और सैफ ने करीना कपूर के साथ अपना घर बसाया, जिनके साथ उनके 2 बेटे हैं। उधर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 18 साल तक शादी में रहने के बाद 2016 में अलग होने का फैसला किया। उनका एक बेटा है। 2023 अरबाज ने खुद से 25 साल छोटी मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की।





**पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर :** पुलकित सम्राट ने 4 साल की डेटिंग के बाद अभिनेत्री कृति खरबंदा से इसी साल शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने 2014 में सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी, लेकिन शादी के 11 महीने बाद दोनों अलग गए थे। दूसरी ओर फरहान अख्तर ने 1998 में सेलेब हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। 16 साल साथ रहने के बाद उनका तलाक हुआ। फिर फरहान को शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। 2022 में उनकी शादी हुई।



खबर संक्षेप

## सेमरा में जनप्रतिनिधियों के साथ युवाओं ने लगाए फलदार एवं छायादार पौधे



**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सेमरा के बाजार में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप में जिला पंचायत के सभापति एवं भाजपा नेता राजकुमार साहू के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र कौशिक मौजूद थे। पौधरोपण अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों एवं गांवों के युवाओं द्वारा 100 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पौधे को सुरक्षित रखने के लिये पुख्ता इंतजाम किया गया। उपस्थित युवाओं संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि पौधरोपण बहुत आवश्यक है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वायु की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। यदि अधिक पेड़ लगाए जाएं, तो दुनिया का पर्यावरण रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान बन जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम को नरेंद्र कौशिक ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ. एस प्रकाश कश्यप, डॉ. योगेंद्र साहू, मिथलेश सिंह, शैलेश सिंह, शिवेंद्र सिंह, मोनो महाराज, प्रिन्सु सिंह, अनिल महंत, पालू कर्ष, सोनू श्रीवास, शशि कश्यप, रोहन साहू, मुरारी महाराज, सौरभ तिवारी, सूरज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## तीन जोन में बांटकर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**चांपा।** प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए शिक्षकों की दिए जा रहे चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय चरण का समापन शनिवार को हुआ। तीन जोन में बांटकर शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की तार्किक समझ का प्रशिक्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया है। सभी अपने अनुभवों की प्रस्तुति के साथ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022 की रूपरेखा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संरचना और आवश्यकता के महत्व, भाषा शिक्षण के चार ब्लाक (मौखिक भाषा का विकास, डिकोडिंग, पठन, लेखन) गणित शिक्षण के चार ब्लाक, नवाजतन, जादुई पिटारा, बहु भाषा शिक्षण, बहुस्तरीय कक्षा का व्यवहारिक रूप से अपनी समझ परिपक्व की है। सभी एफ एल एन के उद्देश्य और लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अपने विद्यालय में प्रथम दिवस से ही शुरुआत कर लक्ष्य विशेष की प्राप्ति समय पूर्व प्राप्त कर अपने विद्यालय को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएंगे। सभी शिक्षको को अभ्यास पुस्तिका और स्कूल रेडीनेस की पुस्तकें प्रदान की गई है। मास्टर ट्रेनर धरमदास मानिकपुरी , दुष्यंत राज ,गुलजार बरेठ एवं निशांत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था राजेश कश्यप ने किया।

## सद्भावना दौड़ का राजपूत क्षत्रीय परिवार ने शीतल पेय पिलाकर किया स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के तत्वाधान में नेताजी चौक जांजगीर से मेजर ध्यानचंद हाकी मैदान चर्च तक सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। राजपूत क्षत्रिय परिवार जांजगीर द्वारा केरा रोड जांजगीर दुर्गा मंदिर के पास शीतल पेय एवं पानी पिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिनेश सिंह राणा, रतन सिंह क्षत्रिय, अजीत सिंह राणा, वृंदावन सिंह, देवेन्द्र सिंह, प्रमीत सिंह, देव सिंह, जय प्रकाश सिंह, आशीष सिंह, संगीत सिंह, पुष्पराज सिंह सिन्नु, बृजेश सिंह सूरज एवं कमल उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

# जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से हो पालन, सूचना तंत्र को करें मजबूत



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होंने कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने निर्देश दिए।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में को जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बना रहे एवं कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हो। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों पर निगरानी रखने कहा। बैठक में कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि 1 जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इसके संबंध में सभी को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल ने लागू होने वाले नये कानून के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी , अपर कलेक्टर एस पी वैध, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, सभी अनुविभागीय अधिकारी, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- जुलाई से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानून के संबंध में दी गई जानकारी

## जनदर्शन में सुनी आमजनो की समस्याएं, मिले 142 आवेदन

जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के विभिन्न दुरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 142 आवेदको ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतो से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में बारी-बारी से आवेदकों की समस्यओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत मुनुंद के पार्वती बाई ने मछली पालन हेतु पट्टा दिलाने ,तहसील अकलतरा के ग्राम अमोरा निवासी दिलीप यादव ट्रायसायकल दिलाने ,ग्राम मड़वा निवासी आकाश कुमार साहू रोजगार दिलाने , तहसील जांजगीर के ग्राम मेहदा निवासी दिनेश कुमार ने भूमि का सीमांकन कराने, तहसील अकलतरा के ग्राम परसदा निवासी जोहन लाल ने मुआवजा राशि दिलाने, तहसील बलौदा के ग्राम पनोरा निवासी मुरारी लाल ने पट्टा दिलाने संबंधी आवेदन दिए जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 142 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।





मेडल और सर्टिफिकेट के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

## नेशनल कराते चेम्पियनशिप में बेटियों ने दिखाए जौहर, जीता मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के स्पोर्ट् में सोतोकान कराते दू इंडियन एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय 22 और 23 जून को ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन बिलासपुर के कोनी में स्थित स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल हाल में हुआ।

इस खेल में कई राज्यों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और खेल में अपना जौहर दिखाए। इसी कड़ी के महिला कोच आस्था तिवारी के नेतृत्व में जांजगीर जिले के पामगढ़ की बेटियों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में पायल जयसवाल ने काता ब्रॉन्ज मैडल और फाइट में सिलवर जीता, वहीं प्रियंका कश्यप ने काता में ब्रॉन्ज मैडल और फाइट में ब्राउज मैडल जीता। इसी प्रकार प्रख्या जायसवाल ने भी काता में ब्रॉन्ज मैडल और फाइट में ब्राउज मैडल जीत कर पामगढ़ का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू उपस्थित थे। अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने की। उन्होंने सभी बच्चो को मैडल और सर्टिफिकेट देकर उन्हें बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कराते संघ की तरफ से टूर्नामेंट के चेयरमैन विनोद वर्मा छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी अविनाश सेठी, काई के इंडिया प्रिसिडेंट डॉ सईद मसूद मुजफ्फर और टूर्नामेंट के सेक्रेटरी दीपक घाडगे सहित सभी कोच ने अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मंच पर उन्हें साल और स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

**खास बात**

- बिलासपुर के लखीराम अग्रवाल हॉल में हुआ दो दिवसीय आयोजन

## नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर युवा कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन

**जांजगीर-चाम्पा।** नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर पूरे देश में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। युकां अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व एवं विधायक व्यास कश्यप, वरिष्ठ इंकानेता दिनेश शर्मा, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पप्पू महाराज, जिला कांग्रेस महामंत्री अजीत सिंह राणा, युवा कांग्रेस महासचिव गौरव सिंह, युंका विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश राठौर, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष देव कुमार पाण्डेय, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोरमा पाटेकर एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं सैकड़ों की तादात में उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर नगर के कचहरी चौक में जमकर नारेबाजी करते हुए पीएम व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करने पहुंचे। इस दौरान उपस्थित पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की भी हुई। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने कहा कि युवा अपने भविष्य को असुरक्षित महसूस कर रहा है क्योंकि उसमें इस बात का डर बैठ गया है कि जब वो एक साल की तैयारी के बाद परीक्षा देने जायेगा तो पेपर होगा भी या नहीं । भाजपा राज में छात्र अपना कैरियर बनाने के लिए पढ़ाई नहीं बल्कि अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई लड़ने को मजबूर है।




## प्रकृति को ज्यादा से ज्यादा संवर्धित करने का है वर्तमान समय : रामदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सर सह कार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य आतिथ्य एवं सांसद कमलेश जांगड़े, सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष जुडावन सिंह ठाकुर, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डाक्टर राजेंद्र दुबे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन, जिला संघ चालक हेमलाल सिंह, प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख मन्मथनाथ शर्मा एवं सशिमं शिक्षण समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल ताम्रकार के उपस्थिति में किया गया।

- सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामदत्त चक्रधर ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करता है, जलवायु प्रदान करता है, मिट्टी के कटाव को रोकता है, जल स्तर को ऊपर बढ़ता है। भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने सिद्ध बताया कि वृक्ष में प्राण होते हैं। वेदों में धरती एवं प्रकृति को माता की संज्ञा दी गई है। हमें प्रकृति का दोहन करना है ना कि दुराचार। वर्तमान में प्रकृति के साथ दुराचार करने के कारण पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग, ऋतु परिवर्तन, समय बेसमय वर्षा, सूखा, बाढ़ सहित अन्य विकृतियां देखने को मिल रही हैं। भारत का चिंतन सभ्यता के प्रारंभ से ही समग्र विकास की रही है। वर्तमान समय प्रकृति के शरण में जाकर इसे ज्यादा से ज्यादा संवर्धित करने का है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा नीम, आम, कटहल, आंवला, अमरूद के पौधे रोपित किए गए। पौधों के लिए समुचित खाद,मिट्टी एवं सभी पौधे सुरक्षित रहें इसकी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य केशव कौशिक एवं आभार प्रदर्शन गोपेश तुलस्यान ने किया। इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री देवनारायण साहू, प्रांत प्रमुख गौरी शंकर कटकवार ,विभाग बौद्धिक प्रमुख दामोदर चौधरी, खंड संघचालक द्वारिका राठौर, नगर संघ चालक दशरथ नामदेव, लक्ष्मण मुकिम , विजय केडिया, अशोक अग्रवाल ,सुशील जैन , मूलचंद लिखमानिया,उमाकांत भारते, नरेंद्र साहू, रोहित सारथी,नंदकुमार चौधरी, टी एल मिरझा,मोतीलाल कुर्रे, मनोज कुमार मिश्रा, प्रकाश वाधवा, लव कुमार सिंह चंदेल उपस्थित थे।



पौधरोपण करते अखिल भारतीय सर सह कार्यवाह एवं अन्य।

## लायंस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का शपथ समारोह 30 को

**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब की सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 30 जून को रात्रि 7:30 बजे से लायंस क्लब भवन में आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कोरबा लायन राजकुमार अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चांपा लायन डॉ. व्ही.के.अग्रवाल होंगे। समारोह में शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल उपस्थित रहकर लायन रामप्रपन्न देवांगन सहित उनकी कार्यकारिणी के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष लायन शैलेश बाजोरिया के अलावा अन्य पदाधिकारियों एवं संचालक मंडल के सदस्यों को शपथ दिलायेंगे। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने क्लब के सदस्यों सहित आमंत्रितों से समारोह में अनिवार्य उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन

**पामगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर पामगढ़ में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय पामगढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शीलू केसरी विशेष रूप से उपस्थित थी। योग दिवस पर योग प्रशिक्षिका श्रीमती अलका शर्मा ने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों को योगाभ्यास कराई। इस अवसर पर मनोज खरे, नोटरी भारत भूषण, बंजारे दिलीप, बंजारे, आशीष तिवारी, सखी राम कश्यप, केशव दिव्य, संदीप, बृजेश सिंह, जगदीश, चंदन, नितिन सिंह, कौशल कश्यप, दिनेश, जगदीश, श्रीमती योगिता यादव, अनुज कुर्रे, गजानन कश्यप एवं बड़ी संख्या में न्यायालय कर्मचारी एवं अधिवक्ता साथी उपस्थित थे ।



## प्राचीन शबरी मंदिर खरौद में हुआ भजन-कीर्तन

**खरौद।** ऐतिहासिक धार्मिक पौराणिक और छत्तीसगढ़ की काशी, माता शबरी की कर्मभूमि खरौद में छठवीं शताब्दी में ईंट से निर्मित प्राचीन शबरी मंदिर में प्रत्येक पूर्णिमा को नगर के विभिन्न महिला कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया जाता है।

इसी संदर्भ में जेष्ठ पूर्णिमा 22 जून को भी महिला कीर्तन मंडलों द्वारा संगीत में भजन किया गया। इस बीच महामाया अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने सत्संग की महिमा के बारे में बताया। महामाया अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने एक कथा के माध्यम से बताया कि की किसी के धन हड़पने व चोरी करने, बेगारी करवाने के क्या दुष्परिणाम अथवा दंड मिलता है को समझाया। इसी बीच में हिमाचल प्रदेश, भोपाल और महासमुंद से आए पर्यटकों को शबरी मंदिर से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इससे पर्यटक संतुष्ट एवं प्रसन्न हुए। भजन कार्यक्रम में धनसाय यादव, सुमित्रा आदित्य, भूरी आदित्य, पीतांबरी आदित्य, गंगाबाई, पुष्पा देवी, लक्ष्मी, गौरी यादव, फागुनी, अनीता, बुधवार, त्रिवेणी यादव, प्रभा यादव, शांति श्रीवास, सविता, जीवन बाई सोनी, छठ बाई, नर्मदा आदित्य, रामकली, जाम बाई, दुलौरिन, पूसा बाई,मंगली आदित्य, गोमती यादव, कावेरी यादव, कीर्तन बाई आदित्य, हेमलाल यादव ने भाग लिया। अंत में प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।



## डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र हित में किए स्मरणीय कार्य : चंद्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार 23 जून को जिला कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्री चंद्रा ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी महान शिक्षावादी, समाजवादी, राष्ट्रवादी नेता थे। राष्ट्रीय हित के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य स्मरणीय है। वे जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने नारा दिया कि एक देश में दो प्रधान दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे और कहा कि या तो मैं आपको एक संविधान दूंगा या फिर इस उद्देश्य के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दूंगा। उन्होंने अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। इस अवसर पर स्थायी आमंत्रित सदस्य रामावतार अग्रवाल, जिला प्रवक्ता रमेश सिंघानिया, उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, जिला महामंत्री घनश्याम साहू, मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला कार्यालय प्रभारी दीपक गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा।

**एक वृक्ष मां के नाम पर जरूर लगाए** -जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा ने बताया कि भाजपा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। 6 जुलाई तक यह अभियान जिले से लेकर बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री चंद्रा ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं सहित समस्त जिलेवासियों से अपने-अपने मां के नाम पर एक वृक्ष आवश्यक रूप से लगाने की अपील किया।

